# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025




## एनडीआरएफ- एसडीआरएफ व लोकल पुलिस ने निकाला

# केदारनाथ में फंसे 800 श्रद्धालुओं का रेस्क्यू

*केदारनाथ। भूस्खलन के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर कई श्रद्धालु फंस गए थे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस श्रद्धालुओं को निकालने में लगी है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है। इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं।*








### गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद

गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है। सुबह दो सौ यात्री दर्शन करके लौटे हैं, जो कि पैदल ट्रैक पर हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरफ ने गौरीकुंड से 2179 यात्रियों को अस्थायी पगडंडी का निर्माण कर जंगल के रास्ते सकुशल सोनप्रयाग पहुंचाया, जिसमें 1679 पुरूष, 414 महिलायें और 47 बच्चे शामिल हैं। यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे थे और राष्ट्रीय राजमार्ग के मुनकटिया के समीप भारी भूस्खलन के कारण बंद होने से फंस गये थे।



## खबर संक्षेप

### एअर इंडिया के विमान में फिर खराबी, टालनी पड़ी लंदन फ्लाइट



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया का विमान नई दिल्ली एयरपोर्ट से लंदन के उड़ान भरने वाला था लेकिन तकनीकी खराबी के कारण विमान उड़ान नहीं भर पाया। आखिरकार एअर इंडिया के इस उड़ान को रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 31 जुलाई को दिल्ली से लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई 2017 संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई। कॉकपिट क्रू ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उड़ान को रोकने का फैसला किया और एहतियाती जांच के लिए विमान को वापस ले आए।

### बैंकॉक-दुबई से लेकर आई 40 करोड़ का गांजा

**हैदराबाद।** राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आरजीआईए) हैदराबाद पर



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला यात्री को पकड़ा है। उसके सामान से 400 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है। इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। एजेंसी के अनुसार, एनसीबी की ओर से इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कई गई, जिसमें कहा गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई. महिला के दो चेक-इन बैग्स की जब जांच की गई तो उनमें भारी मात्रा में गांजा मिला।

### लंदन में उर्वशी का लग्जरी बैग हुआ चोरी

**लंदन।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर शेयर किए एक पोस्ट में बताया कि इंग्लैंड की



राजधानी लंदन में उनका सामान चोरी हो गया है। इस कारण से एक्ट्रेस ने वहां की स्थानीय पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। अभिनेत्री रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपने टिकट और बैग की तस्वीर शेयर की है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने दावा किया कि विंबलडन 2025 में भाग लेने के लिए जब वह मुंबई से लंदन के लिए निकली थी, उस दौरान गैटविक एयरपोर्ट पर उनका सामान चोरी हो गया था। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लंदन पुलिस और एमिरेट्स एयरवेज से मामले की जांच करने और उनका सामान वापस दिलाने का अनुरोध किया।

## ईरान से तेल खरीद पर अमेरिका का बड़ा एक्शन!

# हिंदुस्तान के पीछे पड़ी ट्रंप सरकार, छह भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल मच गई है। अब आज अमेरिका ने एक बड़ा कड़ा कदम उठाते हुए ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद-फरोख्त को लेकर छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। यह ऐलान अमेरिकी विदेश विभाग ने किया है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि ये कंपनियां ईरान के खिलाफ लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही थीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की ''महत्वपूर्ण' बिक्री और खरीद के लिए छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं।




### अमेरिका का तर्क

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा, ''ईरानी सरकार अपनी अस्थिरताकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु पश्चिम एशिया में संघर्ष को बढ़ावा दे रही है। आज, अमेरिका ऐसे राजस्व के प्रवाह को रोकने के लिए कदम उठा रहा है, जिसका इस्तेमाल यह सरकार विदेशों में आतंकवाद को समर्थन देने और अपने ही लोगों को दमन करने में करती है।' उसने ईरानी पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों या पेट्रोकेमिकल व्यापार में शामिल 20 वैश्विक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। विदेश विभाग ने कहा कि भारत, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और इंडोनेशिया की कई कंपनियों को ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की महत्वपूर्ण बिक्री और खरीद के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। विभाग ने अपने बयान में कहा, ''जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं, कोई भी देश या व्यक्ति जो ईरानी तेल या पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदता है, वह अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे का सामना करेगा और अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएगा।'

### इन कंपनियों पर लगा प्रतिबंध

ईरान के पेट्रोकेमिकल व्यापार को निशाना बनाते हुए अमेरिका ने कई देशों की 13 कंपनियों को प्रतिबंधित किया है। भारत की जिन कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है, उनके नाम हैं- कंचन पॉलिमर्स, अलकेमिकल सॉल्यूशन्स, रमनीकलाल एस गोसालिया एंड कंपनी, जूपिटर डाई चेम प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोबल इंडस्ट्रीज, पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड। इन कंपनियों ने जनवरी 2024 से जनवरी 2025 के बीच ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदे थे।

### 50 से ज्यादा व्यक्ति और संस्था पर भी होगा एक्शन

इसके अलावा, अमेरिकी वित्त विभाग ने 50 से ज्यादा व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है और 50 से ज्यादा जहाजों की पहचान की है जो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के शीर्ष राजनीतिक सलाहकार अली शमखानी के बेटे मोहम्मद हुसैन शमखानी द्वारा नियंत्रित विशाल शिपिंग साम्राज्य का हिस्सा हैं। वित्त विभाग ने इसे ''2018 के बाद से ईरान से जुड़ी सबसे बड़ी कार्रवाई' बताया है। वित्त विभाग के बयान में संयुक्त अरब अमीरात स्थित भारतीय नागरिक पंकज नागजीभाई पटेल का भी नाम प्रतिबंध सूची में है, जो हुसैन के नेटवर्क में कई शिपिंग कंपनियों में कार्यकारी के रूप में काम कर चुके हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# 'दल-बदल अगर न रोका जाए, तो यह लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है'

### विधायक अयोग्यता मामले में 3 माह में फैसला लें : सीजेआई



**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

तेलंगाना में बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया है। इन 10 बीआरएस विधायकों ने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी, लेकिन तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष ने इनकी अयोग्यता पर लंबे समय तक कोई फैसला नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह 10 बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में फैसला लें। इस बीच, 'दल-बदल' पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है।'

### हाईकोर्ट का आदेश किया रद्द

*सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द किया और निर्देश दिया कि कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही 'यथाशीघ्र और तीन महीने के भीतर' तय की जाए। बीआरएस नेता केटी रामाराव, पाडी कौशिक रेड्डी और केपी विवेकानंद ने ये याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।*

## कई यूरोपीय देश खुलकर आए 'टू स्टेट साल्यूशन' के समर्थन में

# फ्रांस, यूके के बाद कनाडा भी देगा फिलिस्तीन को मान्यता

**एजेंसी ▶▶। ओटावा**



फ्रांस, ब्रिटेन और अब कनाडा एक के बाद एक पश्चिमी शक्तियां फिलिस्तीन को एक देश के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता देने का ऐलान कर रही हैं। कनाडा के प्रधान मंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि कनाडा सितंबर में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, 'कनाडा सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने का इरादा रखता है।' कार्नी ने कदम के लिए एक शर्त भी रखी है और वो है फिलिस्तीन में लोकतांत्रिक सुधारों की। इसमें फिलिस्तीनी प्राधिकरण द्वारा अगले साल हमास के बिना अपने यहां चुनाव कराना भी शामिल है।

**ट्रंप ने भी दी 'धमकी' :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार सुबह ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है।

### इजराइल ने जताई नाराजगी

फ्रांस और ब्रिटेन के फैसले की तरह ही कनाडा के इस ऐलान पर भी इजरायल बिफर पड़ा है। उसने इसे हमास उग्रवादियों को शह देने वाला बताया है। वहीं पीएम कार्नी ने कहा कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के लिए दो-राज्य समाधान (टू-स्टेट सॉल्यूशन) की उम्मीदों को बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है। कार्नी ने कहा कि गाजा में नागरिकों की बढ़ती पीड़ा के कारण 'शांति का समर्थन करने के लिए मिलकर अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई करने में देरी की कोई गुंजाइश नहीं है।'




**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में गुरुवार को भारी बारिश के बाद जलभराव वाले इलाके से गुजरते लोग। यहां बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सड़कों पर इतना पानी भरा है कि देखने पर ये सड़क की बजाय नहर मालूम पड़ रही हैं।

## कर्नाटक की महिला का है सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप

# भारत में मिला दुनिया का नया और अनोखा ब्लड ग्रुप

**एजेंसी ▶▶। बेंगलुरू**

कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में दुनिया का पहला अनोखा सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप पाया गया है। यह ब्लड ग्रुप अब तक दुनिया में कहीं भी नहीं देखा गया था। दरअसल, कार्डियक अरेस्ट को बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए सैंपल लैब भेजा। लैब असिस्टेंट की जांच में जो रिपोर्ट सामने आई उसने सभी को हैरान कर दिया।

**बताया गया था ओआरएच ब्लड ग्रुप :** हार्ट की सर्जरी के लिए भर्ती कराई गई महिला का ब्लड ग्रुप ओआरएच+ था, जो कि आम है। लेकिन कोई भी ओ पॉजिटिव ब्लड यूनिट उसके ब्लड से मैच नहीं हुआ।

### परिवार के 20 लोगों से भी सैंपल मैच नहीं, आधुनिक जांच में पता चला



इसके बाद गहन जांच के लिए ब्लड सैंपल को रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंटर भेजा गया। बंगलूरू में आधुनिक तरीके से ब्लड की जांच की गई लेकिन महिला का ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स के साथ मेल नहीं खा रहा था। परिवार के करीब 20 लोगों के सैंपल भी लिए गए, लेकिन किसी का ब्लड महिला के ब्लड सैंपल से मैच नहीं हुआ।

**10 महीने की लंबी रिसर्च :** रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंट के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि महिला का ऑपरेशन बिना ब्लड के ट्रांसफर के सफलतापूर्वक हो गया है। महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरेट्री ब्रिटेन भेजा गया। 10 महीने की रिसर्च के बाद एक नया ब्लड ग्रुप एंटीजन मिला, जिसे सीआरआईबी नाम दिया गया। यह रिसर्च जून 2025 में इटली में हुई आईएसबीटी की एक मीटिंग में बताई गई।

### कैसे रखा सीआरआईबी नाम?

सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' और आईबी का मतलब 'इंडिया', बंगलूरू' है। डॉ. माथुर ने यह भी कहा कि रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंटर ने दुर्लभ ब्लड डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। वे पहले भी कई दुर्लभ ब्लड टाइप के मरीजों की मदद कर चुके हैं।

### क्या होता है ऑटोलॉगस ट्रांसफ्यूजन?

इसी के साथ डॉक्टरों का कहना है कि अगर महिला को कभी खून चढ़ाने की जरूरत पड़ी तो उन्हें किसी दूसरे का खून नहीं चढ़ाया जाएगा। ऐसे में महिला को अपना ही खून पहले से स्टोर करके इमरजेंसी के लिए रखना पड़ेगा। महिला को अपना अपना हीमोग्लोबिन लेवल ब्लड को स्टोर करना पड़ेगा और इस प्रोसेस को ही ऑटोलॉगस ट्रांसफ्यूजन कहते हैं।

# वाहन मामला : गडकरी-दिल्ली सीएम के खिलाफ याचिका

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत 10 वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ गुरुग्राम की एडिशनल सेशन कोर्ट मे याचिका दायर की गई है। मामला मोटर वाहन अधिनियम से जुड़ा है, जिसमें दिल्ली सरकार पर वाहनों की जब्ती और स्क्रैपिंग के नाम पर लूट, डकैती, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप लगाए गए है। गुरुग्राम के सीनियर एडवोकेट मुकेश कुल्थिया की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि



पिछले एक दशक से दिल्ली सरकार और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) और अन्य संस्थाओं का झूठा हवाला देकर जनता की वैध और रजिस्टर्ड गाड़ियों को जबरन जब्त कर स्क्रैपिंग एजेंसियों को सौंप रही हैं। एडवोकेट ने इसे केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और इसके संशोधित नियमों (2019, 2021, 2022, 2023) का खुला उल्लंघन बताया है। उधर, इस याचिका पर एडिशनल सेशन कोर्ट ने संज्ञान लिया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए सीजेएम कोर्ट से रिकॉर्ड तलब किए है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला सुना दिया। 17 साल बाद आए इस फैसले में भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को क्लीन चिट मिल गई है। डेढ़ दशक से अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया।

# मालेगांव ब्लास्ट में 'सबूत' नहीं, साध्वी प्रज्ञा समेत 7 बरी, दो 17 साल से फरार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं। कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। उसने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत सिर्फ धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती। एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए यहां नियुक्त विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 101 अन्य लोग घायल हो गए थे। इस मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। कोर्ट ने जैसे ही सातों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया तो उन सभी के चेहरों पर मुस्कान छा गयी और उन्होंने राहत की सांस ली। उन्होंने न्यायाधीश और अपने वकीलों का आभार जताया। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई 'विश्वसनीय और ठोस' सबूत नहीं है। अदालत ने कहा, मात्र संदेह वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता। साथ ही, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ये सात आरोपी बरी

- प्रज्ञा ठाकुर
- लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित
- मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय
- अजय राहिरकर
- सुधाकर द्विवेदी
- सुधाकर चतुर्वेदी
- समीर कुलकर्णी

### कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

- बाइक किसने पार्क की, सबूत नहीं
- कर्नल पुरोहित के घर पर आरडीएक्स का सबूत नहीं
- आतंकवाद का कोई रंग नहीं होता है
- कानूनी तौर पर मान्य सबूत नहीं हैं
- आरडीएक्स लगाने ओर बम लाने सबूत नहीं

### मालेगांव ब्लास्ट

नासिक के मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को रमजान के पवित्र महीने में रात 9:35 मिनट पर मालेगांव की भिक्खू चौक पर शक्तिशाली विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। बम ब्लास्ट के अगले ही दिन से नवरात्रि की शुरुआत होनी थी।


समीर कुलकर्णी


मेजर (रि.) रमेश उपाध्याय


ले. कर्नल प्रसाद पुरोहित


पूर्व सांसद, प्रज्ञा ठाकुर


अजय राहिरकर

### 2011 में एनआईए को मिली थी जांच

मालेगांव ब्लास्ट के दो हफ्ते बाद कुल 11 लोगों को अरेस्ट किया गया था। इसमें कर्नल पुरोहित भी शामिल थे। पुरोहित अभिनव भारत नाम का संगठन चलाते थे। एटीएस ने इस मामलेमें जनवरी 2009 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कुल 11 लोग आरोपी थी। इसके बाद मार्च, 2011 में यह मामला एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया था। मार्च, 2016 में एनआईए ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी।

### दो मुख्य आरोपी अब भी 'लापता'

साल 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस से जुड़े दो लोगों को अब भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से वॉन्टेड आरोपी के तौर पर दिखाया गया है। मुकदमे का सामना कर रहे सात आरोपियों को कोर्ट से बरी किए जाने के बाद भी अगर कभी ये दो आरोपी गिरफ्तार होते हैं, तो उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। दो प्रमुख आरोपी संदीप डांगे और राम कलसांगरा को अभी भी आरोपी के रूप में दिखाया गया ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मैं जीवित हूं, क्योंकि संन्यासी हूं...

पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, मैंने शुरू से ही कहा है कि जिन लोगों को जांच के लिए बुलाया जाता है, उसके पीछे कोई आधार होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझे फंसा दिया गया।

### कब क्या हुआ

- **सितंबर 2008 :** महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में एक मोटरसाइकिल पर लगाए गए बम में विस्फोट हो गया। छह लोग मारे गए और 101 घायल हुए।
- **30 सितंबर 2008:** मालेगांव के आज़ाद नगर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।
- **21 अक्टूबर 2008:** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मामले की जांच अपने हाथ में ली।
- **23 अक्टूबर 2008:** एटीएस ने मामले में पहली गिरफ़्तारी की। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और तीन अन्य को गिरफ़्तार किया गया। एटीएस ने दावा किया कि विस्फोट दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने किया था।
- **नवंबर 2008:** लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को विस्फोट की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में एटीएस ने गिरफ्तार किया।
- **20 जनवरी 2009:** एटीएस ने प्रज्ञा ठाकुर और पुरोहित सहित 11 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। आरोपियों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका), गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कठोर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए। दो व्यक्तियों- रामजी उर्फ रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे को वांछित अभियुक्त बताया गया।
- **जुलाई 2009:** विशेष अदालत ने कहा कि इस मामले में मकोका के प्रावधान लागू नहीं होते और अभियुक्तों पर नासिक की एक अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा।
- **अगस्त 2009:** महाराष्ट्र सरकार ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में अपील दायर की।
- **जुलाई 2010:** बंबई उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत के आदेश को पलट दिया और मकोका के तहत आरोपों को बरकरार रखा।
- **अगस्त 2010:** पुरोहित और ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भाजपा बोली- माफी मांगे कांग्रेस

मप्र के सीएम मोहन यादव और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं, खासकर दिग्विजय सिंह को 'हिंदू आतंकवाद' का विमर्श गढ़ने और 'संतों' को बदनाम करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। यह निर्णय सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को करारा जवाब है।

### आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और कोई भी आस्था हिंसा का समर्थन नहीं करती। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चरमपंथी वे लोग होते हैं,जो नफरत फैलाने के लिए धर्म को विकृत करते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं के उन आरोपों को निराधार बताया कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा था। सिंह ने कहा कि भाजपा का आरोप पूरी तरह से झूठा है।

## फर्जी दिव्यांगों में 7 डिप्टी कलेक्टर तीन नायब तहसीलदार, कुल 154 इनमें ज्यादातर श्रवण बाधित

हरिभूमि न्यूज|रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे अधिकारियों- कर्मचारियों पर अब शिकंजा कसने का काम तेज हो गया है। खास बात ये है कि इन फर्जियों में सात डिप्टी कलेक्टर, तीन नायब तहसीलदार, सहित कई अन्य विभागों में अलग-अलग पदों पर काम कर रहे हैं। फिलहाल 154 के नाम सामने आए हैं।

राज्य में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने के मामले में करीब दो साल पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### डिप्टी कलेक्टर, नायब तहसीलदार से लेकर कई पद पर काबिज

राज्य में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी कर रहे लोगों को सेवा से बाहर करने के लिए छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ लंबे समय से कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर लड़ाई लड़ रहा है। इस संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर के नेतृत्व में यह लड़ाई लड़ी जा रही है। प्रदेश में अब तक फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले 154 लोगों के नाम सामने आए हैं। इनमें सात डिप्टी कलेक्टर, 52 ग्रामीण कृषि विस्तार ▶▶|शेष पेज 5 पर

साय मिले गडकरी से

## एससीआर के मार्ग बनेंगे फोरलेन रायपुर में चार नए पुल की मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना को रफ्तार देने के लिए आज एक अहम क़दम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्र नितिन गडकरी से मुलाक़ात की, जिसमें राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 600 करोड़ रुपये की मंजूरी। इसके ज़रिए छत्तीसगढ़ में कई सड़कों के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### यात्रा ही नहीं बदलाव का रास्ता

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं। अँजोर विजन 2047' के तहत छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव, हर नागरिक तक बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।





# स्पेन के इस गांव में नागरिकों के मरने पर लगा है बैन

**बार्सिलोना।** मौत पर किसी का बस नहीं है, वो कभी भी और कहीं भी आ सकती है, उसे रोका नहीं जा सकता। मगर दुनिया में एक ऐसा देश है, जहां के एक गांव में मौत को लेकर बड़ा ही अजीब नियम है। यहां पर मरने पर पाबंद है। बेशक आपको ये बात सुनकर हंसी आ रही होगी। आप सोच रहे होंगे कि आखिर कोई मौत पर कैसे काबू पा सकता है, मगर ये जगह सच में है और ये कानून भी। आइए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं।

स्पेन के अंडालुसिया क्षेत्र के ग्रेनाडा प्रांत में स्थित एक छोटे से गांव लांजारोन में अजीबोगरीब कानून मौजूद है। यह अनोखा नियम आज से करीब 26 साल पहले, 1999 में उस समय के मेयर होसे रूबियो ने लागू किया था। उन्होंने एक आधिकारिक घोषणा जारी की थी जिसमें लांजारोन के नागरिकों से आग्रह किया गया था कि वे अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें ताकि वे 'मरें नहीं', कम से कम तब तक नहीं जब तक नगर पालिका एक नया कब्रिस्तान बनाने की व्यवस्था नहीं कर लेती। रूबियो के इस घोषणा पत्र में साफ तौर पर कहा गया- 'लांजारोन में मरना प्रतिबंधित है।' यह बयान अपने आप में व्यंग्यपूर्ण था, लेकिन इसके पीछे गंभीर समस्या थी, गांव के कब्रिस्तान में जगह की भारी कमी।



## नॉर्वे के गांव में भी है ऐसा नियम

लांजारोन अकेला ऐसा स्थान नहीं है, जहां इस तरह का विचित्र नियम है। नॉर्वे के लॉन्गइयरब्येन नामक शहर में भी 1950 से मरना प्रतिबंधित है। इसका कारण वहां का सबआर्कटिक मौसम है, जिससे मृत शरीर पूरी तरह सड़ते नहीं हैं। वैज्ञानिकों ने यहां दफन 1917 की फ्लू महामारी के शवों से वायरस के जीवित नमूने तक निकाले थे। संक्रमण के फैलने के डर से वहां का कब्रिस्तान अब पूरी तरह बंद है। हालांकि, तकनीकी रूप से यह नियम न तो संवैधानिक है और न ही लागू किया जा सकता है, लेकिन यह लांजारोन के लिए एक प्रभावी पब्लिसिटी स्टंट साबित हुआ। आज भी यह खबर इंटरनेट पर वायरल होती रहती है, और सोशल मीडिया पर मीम्स के रूप में सामने आती रहती है।

## मरने पर है रोक

लगातार वर्षों से यह कब्रिस्तान अधिक शवों को समाहित करने में असमर्थ हो चुका था। नगर प्रशासन पर दबाव था कि वे जल्द से जल्द कब्रिस्तान के विस्तार का उपाय करें। जवाब में मेयर रूबियो ने इस विचित्र लेकिन प्रभावशाली तरीका अपनाया। रूबियो ने कहा था, 'मैं सिर्फ एक मेयर हूं, मेरे ऊपर भगवान हैं, जो असल में सब कुछ नियंत्रित करते हैं।' उन्होंने आगे जोड़ा, 'लोगों ने इस कानून को मजाक और समझदारी दोनों के साथ लिया है।' 26 साल बीतने के बाद भी लांजारोन में केवल एक ही कब्रिस्तान मौजूद है। यह स्पष्ट नहीं है कि प्रशासन ने बाद में जमीन की व्यवस्था की या नहीं, लेकिन गांव की स्थिति आज भी लगभग वैसी ही है। लांजारोन की आबादी करीब 4,000 है। यह गांव अपने प्राकृतिक मिनरल स्प्रिंग्स (खनिज जल स्त्रोतों) के लिए जाना जाता है और हाल ही में यह सोशल मीडिया पर जेन जेड ट्रैवलर्स के बीच लोकप्रिय हो गया है। बार्सिलोना और माजोर्का जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों के विकल्प के रूप में लांजारोन को अब एक 'हिडन जेम' माना जा रहा है।

## रोचक खबरें

## सिर्फ हवा से बन जाएगी कॉफी नहीं पड़ेगी पानी की जरूरत

**नई दिल्ली।** कॉफी पीना बहुत लोग पसंद करते हैं। कॉफी स्वाद में बेहतर होती है और साथ भी सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। कॉफी में कैफीन मिलता है, जो शरीर को एनर्जी देने में मदद करता है। इसके अलावा इससे वजन को कम करने में भी मदद मिलती है। अब आपको साफ पानी पीने या कॉफी के लिए नल खोलने या बोतल नहीं खरीदनी पड़ेगी। एक ऐसी मशीन बनाई गई है, जो सीधे हवा से पानी बना देगी। इस मशीन का नाम कारा पॉड है। यह एक छोटी मशीन है, जो हवा को अंदर खींचकर उसे शुद्ध पीने वाले पानी में बदल देती है। यह मशीन हर दिन लगभग 4 लीटर पानी अपने आप बनाती है। इस लगाने के लिए किसी खास पाइपलाइक की जरूरत नहीं होती है। सिर्फ प्लग इन करिए और काम शुरू हो जाएगा। कारा पॉड एक 'एटमोस्फियरिक वाटर जनरेटर' है। हवा में मौजूद नमी से पानी बनाता है। इस मशीन से आपका हर साल 1.2 लाख रुपए बच सकता है। इसमें दो नोजल हैं, एक शुद्ध पानी के लिए और दूसरा कॉफी के लिए। इस मशीन की कीमत 41 हजार रुपए है। इस मशीन का इस्तेमाल पीने के पानी या कॉफी बनाने के लिए किया जा सकता है।



## 7 साल में 43 बार प्रपोज, बार-बार करती थी मना, फिर बोली लव यू टू

**किंग्स्टन।** अगर प्यार के लिए जिद हो तो उसे आपसे कोई अलग नहीं कर सकता। ऐसी ही एक सच्ची कहानी सामने आई है। 36 साल के ल्यूक विनट्रिप को अपनी गर्लफ्रेंड सारा से शादी करनी थी, लेकिन ये आसान नहीं था। साल 2018 से लेकर अब तक ल्यूक ने सारा को 43 बार शादी के लिए प्रपोज किया, लेकिन हर बार जवाब 'ना' ही आया। फिर भी उसने हार नहीं मानी।

ल्यूक हर बार सारा को प्रपोज करने के लिए कुछ खास और अलग करता था। कभी प्राग के एक किले में प्रपोज किया, तो कभी जमैका के समंदर किनारे घोड़े की सवारी करते हुए। कभी मोमबत्तियों से सजी खास डिनर डेट रखी, लेकिन फिर भी सारा का जवाब वही था –'नहीं'।



सारा भले ही मना करती रहीं, लेकिन ल्यूक हर बार नए अंदाज में प्रपोज करते रहे। जब 42वीं बार उन्होंने प्रपोज किया, तो सारा ने थोड़ा इशारा दिया -अगली बार पूछोगे, तो शायद मैं हां कह दूंगी लेकिन थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। एक साल और बीत गया। ल्यूक ने इस बार उन्हें ग्रीनविच (लंदन का एक इलाका, जिसे दुनिया का समय मापने का केंद्र भी माना जाता है) में प्रपोज किया। ल्यूक ने कहा - ये जगह दुनिया का केंद्र है और तुम मेरे लिए पूरी दुनिया हो। क्या तुम मुझसे शादी करोगी? इस बार सारा का दिल पिघल गया। उन्होंने कहा -उसने आखिरकार मेरा दिल जीत ही लिया। इतनी बार प्रपोज करने के लिए उसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड मिलना चाहिए! मैं शुक्रगुजार हूं कि उसने मेरा साथ इतने सालों तक नहीं छोड़ा। इस साल मई महीने में ल्यूक और सारा ने आखिरकार जमैका में शादी कर ली। सात साल की ये लंबी जर्नी अब एक खूबसूरत रिश्ते में बदल चुकी है।

## महिला के मुंह में ऐसा क्या है, जो करा लिया 16 करोड़ का बीमा?

**वॉशिंगटन।** आपने हेल्थ बीमा सुना होगा, लेकिन ऑस्कर नॉमिनेट मशहूर एक्ट्रेस सिंथिया एरिवो ने हाल ही में कुछ ऐसा किया जिसे सुनकर कोई भी चौंक जाए। उन्होंने अपने मुंह का बीमा पूरे 2 मिलियन डॉलर यानी करीब 16.5 करोड़ रुपए में करा लिया है! सिंथिया लिस्टरिन की नई 'अपना मुंह धो लो' कैंपेन का चेहरा बनी हैं। उनका कहना है कि मुंह की सफाई उनके आत्मविश्वास और परफॉर्मेंस का सबसे अहम हिस्सा है। वो स्टेज पर जाने से पहले ब्रश और माउथवॉश से खुद को रीसेट करती हैं। पर यहां असली मसाला ये है कि सिर्फ एक्टिंग या सिंगिंग के लिए ही नहीं, उनका बीमा दरअसल उनकी पहचान उनके 'गैप-टूथ' वाली स्माइल और दमदार आवाज के लिए है। अब ये बात अजीब तो लगती है, लेकिन ये कोई पहला मामला नहीं है। हॉलीवुड में जेनिफर लोपेज के कथित तौर पर 200 करोड़ के 'बैकसाइड बीमा' से लेकर मारिया कैरी की 500 करोड़ की टांगों और वोकल कॉर्ड्स की कहानी तक, ऐसे बीमा अब वहां फैशन बन चुके हैं। गॉर्डन राम्से ने स्वाद चखने वाली जीभ का, निक कैनन ने मज़ाक-मज़ाक में अपने टेस्टिकल्स का बीमा कराया और फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और डेविड बेकहम की टांगें भी करोड़ों में बीमित हो चुकी हैं। तो अब सिंथिया की ये बीमाकृत मुस्कान सिर्फ एक हंसी नहीं, हेडलाइंस की गारंटी है। क्या कभी दावा होगा? शायद नहीं। लेकिन, एक चीज तो तय है कि इस बीमा ने उन्हें हॉलीवुड की 'सबसे कीमती मुस्कान' वाली स्टार बना दिया है।



# सुनामी या भूकंप से पहले अजीब हरकत करने लगते हैं ये जानवर



**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदा जब आती है तो ना सिर्फ जान माल का भारी नुकसान होता है, बल्कि अन्य जीव जन्तु या बेकसूर जानवर भी इस तबाही का शिकार होते हैं। हमारे आसपास कुछ ऐसे जीव हैं जो सुनामी और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा को पहले ही भांप लेते हैं। कई बार कुछ जानवर हमारे सामने अजीब हरकत करते हैं और अक्सर हम इस घटना को इग्नोर कर देते हैं, लेकिन अब जो हम आपको बता रहे हैं उसके बाद आप इग्नोर नहीं कर पाएंगे।



### इंसानों से पहले ही भांप लेते हैं तबाही

सुनामी और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा आने से पहले ही जीव-जन्तु बेचैन होने लगते हैं। वैज्ञानिक भी इस घटना से हैरान रहते हैं, ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या सच में जानवर इंसान से पहले आपदा को महसूस कर लेते हैं और हां तो कैसे?

### क्या कहते हैं वैज्ञानिक

विज्ञान की माने तो कुछ जीव जन्तुओं कि इंद्रियां बहुत संवेदनशील होती हैं, खासतौर से उनके श्रवण तंत्र यानी हियरिंग सिस्टम। दरअसल, भूकंप आने से पहले पृथ्वी की पपड़ी में जो भूकंपीय तरंग और ध्वनि तरंगें उत्पन्न होती हैं, उन्हें इंसान नहीं लेकिन ये जानवर महसूस कर सकते हैं। इतना ही नहीं, प्लेटों के हिलने से होने वाले विद्युत-चुंबकीय परिवर्तन को भी महसूस कर लेते हैं, यही कारण है कि वे अजीब हरकत करने लगते हैं। ऋषियों ने भी इस विषय पर बताया है कि देहातीय संवेदना वाले जीव प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को पहले ही भांप लेते हैं।

### कुत्ते और बिल्लियों को भूकंप रिएक्शन डिवाइस के रूप में किया जाता है ट्रेंड

जापान में तो कई पालतू बिल्ली या कुत्तों को भूकंप रिएक्शन डिवाइस के रूप में ट्रेंड किया जाता है, ताकि भूकंप से पहले ही खुद को सुरक्षित किया जा सके। चीन के हैचेंग शहर में सन 1975 में भूकंप आने से पहले जानवरों को अजीब हरकत करते देखा गया, इसके बाद अधिकारियों ने पूरा शहर खाली करा दिया था जिससे हजारों लोगों की जान बच गई थी। वैज्ञानिक इन जीवों की मदद से अर्ली वार्निंग सिस्टम को बेहतर बना सकते हैं। एआई और सेंसर की तकनीक अब जानवरों के व्यवहार को ट्रैक कर रही है। कुत्ता, चींटी या पक्षी को अजीब या असामान्य हरकत करते हैं तो ये अर्ली वार्निंग सिस्टम अलर्ट कर सकता है।



### क्या सच में जानवर पहले ही भांप लेते हैं भूकंप?

जी हां, कई पशु पक्षी, समुद्री जीव और जमीन पर रेंगने वाले कुछ जानवर भूकंप और सुनामी को पहले ही महसूस कर लेते हैं। इसके कई कारण है जैसे उनकी संवेदनशील इंद्रियां, कंपन और विद्युत तरंगों के प्रति रिएक्शन, वैज्ञानिक शोध और ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि जानवरों का असामान्य व्यवहार कई बार भूकंप आने का संकेत हो सकता है। भारत, चीन, जापान, इंडोनेशिया और इटली जैसे हाइपोसेंटर (जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं) पर ये दर्ज किया गया है कि भूकंप आने से पहले पक्षी झुंड में उड़ने लगे, सांप अपने बिलों से बाहर आ गए और कुत्ते भौंकने लगे। इसी के साथ ये भी नोटिस किया गया है कि सुनामी आने से पहले हाथी ऊंचाई की ओर भागते हैं। 2004 की सुनामी से पहले इंडोनेशिया के अंडमान द्वीपों में हाथी ऊंचाई की ओर भाग गए थे। इसका मतलब उन्होंने इंसानों से पहले ही सुनामी के खतरे को भांप लिया था। इसी के साथ भूकंप और बाढ़ से पहले ही चींटियां भी अपने बिल से पलायन करने लगती हैं।

# शादी के जोड़े में डांस करते-करते दुल्हन ने तोड़ा दम, कुछ ना कर सके घराती-बाराती

**बदायूं।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब हल्दी की रस्म के दौरान डांस करती हुई दुल्हन दीक्षा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई। यह दिल दहला देने वाली घटना बदायूं की है, जहां बारात आनी थी, लेकिन उससे पहले ही घर से बेटी की डोली की बजाय उसकी अर्थी उठी। दरअसल, ये मामला इस्लामनगर थाना क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी गांव की बताई जा रही है। परिवार के मुताबिक, दीक्षा अपने घर में चार भाइयों में इकलौती और सबसे बड़ी संतान थी। वह इस्लामनगर के एक डिग्री कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही थी। रविवार को हल्दी की रस्म के दौरान वह अपनी बहनों और रिश्तेदारों के साथ खुशी-खुशी डांस कर रही थी। तभी उसे अचानक घबराहट हुई और वह वॉशरूम चली गई। कुछ ही मिनटों बाद जब वह बाहर नहीं आई, तो परिवार ने दरवाजा तोड़कर देखा दीक्षा ज़मीन पर बेसुध पड़ी थी और उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### डॉक्टर ने क्या बताया?

परिजनों ने तुरंत गांव के चिकित्सक को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दीक्षा की मां सरोज देवी ने बताया कि जब उन्होंने बेटी को उठाया, उसकी गर्दन अकड़ चुकी थी। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने दिल का दौरा (हार्ट अटैक) बताया। दीक्षा पहले से दिल की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज दिल्ली से चल रहा था। दुल्हन की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। जहां बारात के स्वागत की तैयारियां होनी थीं, वहीं हर तरफ मातम और सन्नाटा पसर गया। दीक्षा की शादी मुरादाबाद जिले के शिवपुरी गांव के सौरभ से तय हुई थी, जो एक फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार को बारात आने वाली थी, सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। रिश्तेदार और मेहमान पहले ही घर पहुंच चुके थे। लेकिन. किसे पता था कि सजनी की जगह शव उठेगा।



### फोटोशूट की आखिरी यादें

दीक्षा ने अपनी हल्दी और मेहंदी की रस्म में खूब फोटोशूट करवाए थे। इन तस्वीरों को उसने परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया था। हर कोई उसकी मुस्कान और सजधज को देखकर भावुक हो उठा है। अब वही तस्वीरें परिवार की आंखों से आंसुओं के साथ बार-बार देखी जा रही हैं। परिजनों ने शोक की स्थिति में पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया है। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद हर आंख नम है और हर दिल शोक में डूबा है।

### क्यों आता है हार्ट अटैक?

हार्ट अटैक को दिल का दौरा के नाम से भी जाना जाता है। आपको बता दें कि यह उस वक्त आता है। जब हृदय की मांसपेशियों को जरूरत इतना ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है, उसी वक्त कोरोनरी धमनियों में रुकावट अक्सर कोलेस्ट्रॉल और वसा के प्लाक के जमा होने से होती है, जो धमनियों को संकुचित कर देती है। यदि यह प्लाक टूट जाता है, तो रक्त का थक्का बन सकता है, जो धमनी को पूरी तरह से रोक देता है। इसी के कारण हार्ट अलैक या दिल का दौरा पड़ जाता है।

## रिटायरमेंट के पैसे मांगने लगी बेटी, मां ने कर दिया साफ मना



**नई दिल्ली।** भारत में माता-पिता जीवनभर जो भी कमाई करते हैं, वो अपने बच्चों के लिए छोड़ जाते हैं। पर विदेशों में ऐसा नहीं है। वहां बच्चों को कम उम्र से जिम्मेदार बनाया जाता है, जिससे वो अपने से मेहनत कर के अपने पैसे खुद कमा सकें और माता-पिता अपने रुपयों से बुढ़ापे को एंजॉय कर सकें। दोनों ही पैरेंटिंग में भले ही फर्क हो, मगर गलत किसी को भी नहीं कहा जा सकता। हालांकि, कई बार मां-बाप को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा ही कुछ एक विदेशी महिला के साथ भी हुआ, जिसकी बेटी उसपर दबाव बनाने लगी। बेटी चाहती है कि उसकी मां अपने जीवनभर की कमाई उसके ऊपर खर्च कर दे, मगर मां ऐसा नहीं चाहती। एक मां, जिन्होंने अकेले दम पर अपनी बेटी को पाल-पोस कर बड़ा किया, आज खुद को एक मुश्किल स्थिति में पा रही हैं, वजह है उनका रिटायरमेंट प्लान और बेटी का बढ़ता गुस्सा। 55 वर्षीय इस मां ने अपनी ज़िंदगी का बड़ा हिस्सा संघर्ष में बिताया, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी बेटी को एक बेहतर ज़िंदगी देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मैंने कई नौकरियां कीं, छुट्टियां छोड़ीं, लग्जरी की चीजें नहीं खरीदीं ताकि मेरी बेटी को एक अच्छा जीवन मिल सके। उन्होंने रेडिट पोस्ट में लिखा। उनकी बेटी अब 26 साल की हो चुकी है। मां ने उसे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाया, 18 साल की उम्र में सेकेंड हैंड कार दिलवाई और कॉलेज के दौरान भी आर्थिक सहयोग दिया। महिला ने अपने पोस्ट में लिखा- 'मैंने कभी ज्यादा नहीं मांगा- बस इतना कि वह ज़िम्मेदार और आत्मनिर्भर बने। अब जब ज़िंदगी का एक नया पड़ाव शुरू होने वाला है, यह मां अपने लिए थोड़ी राहत की उम्मीद कर रही थी। पिछले 10 वर्षों से उन्होंने रिटायरमेंट के लिए बचत की है, ताकि वे जल्द रिटायर होकर जीवन का आनंद ले सकें, यात्रा कर सकें, चैन से जी सकें।

### यह स्वादिष्ट और देसी डिश राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में है लोकप्रिय

# ये है पिज्जा का बाप! बनाने में उस्ताद हैं राजस्थानी मर्द

**जयपुर।** जब बात स्वाद की आती है, तो इटली का पिज्जा भले ही दुनिया भर में मशहूर हो, लेकिन राजस्थान के गांवों में एक ऐसी डिश सैकड़ों सालों से बनाई जा रही है, जो पिज्जा को कड़ी टक्कर देती है। इसका नाम है रामरोटा, जिसे लोग प्यार से 'पिज्जा का बाप' कहते हैं। यह स्वादिष्ट और देसी डिश राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में इतनी लोकप्रिय है कि हर घर में इसके दीवाने मिल जाएंगे। खास बात यह है कि रामरोटा बनाने में राजस्थानी मर्द उस्ताद हैं और इसे बड़े शौक से तैयार करते हैं। सोशल मीडिया पर इसका जादू छाया हुआ है और लोग इसकी तुलना पिज्जा से कर रहे है। रामरोटा राजस्थान की एक पारंपरिक डिश है, जो मुख्य रूप से मक्के या बाजरे के आटे से बनाई जाती है। इसे तवे पर सेंककर तैयार किया जाता है और इसमें देसी घी, मसाले और स्थानीय सामग्री जैसे प्याज, हरी मिर्च, और धनिया का इस्तेमाल होता है। कुछ जगहों पर इसे टमाटर की चटनी, लहसुन की चटनी या छाछ के साथ परोसा जाता है। इसका स्वाद इतना लाजवाब होता है कि एक बार खाने वाला बार-बार मांगता है। रामरोटा की खासियत है इसका क्रिस्पी टेक्सचर और मसालेदार स्वाद, जो इसे पिज्जा जैसा बनाता है, लेकिन यह पूरी तरह देसी है। यह डिश इतनी पौष्टिक है कि ग्रामीण इसे नाश्ते, दोपहर के भोजन या रात के खाने में भी खाते हैं।



### ग्रामीणों में क्यों है इतना क्रेज?

राजस्थान के गांवों में रामरोटा सिर्फ एक डिश नहीं, बल्कि संस्कृति का हिस्सा है। यह खास तौर पर मारवाड़ और शेखावाटी क्षेत्रों में लोकप्रिय है। गांवों में लोग इसे सामूहिक रूप से बनाते और खाते हैं, जो इसे एक सामाजिक गतिविधि का रूप देता है। इसकी आसान रेसिपी और स्थानीय सामग्री इसे हर घर में पसंदीदा बनाती है।

### पुरुष अपनी कला का करते हैं प्रदर्शन

रामरोटा बनाने में राजस्थानी पुरुषों का कोई जवाब नहीं है। ग्रामीण इलाकों में पुरुष अक्सर इसे बनाने की जिम्मेदारी लेते हैं, खासकर तब जब दोस्तों या परिवार के साथ पिकनिक या उत्सव का माहौल हो। वे तवे पर रामरोटा सेंकते समय मसालों और घी का ऐसा तड़का लगाते हैं कि पूरा गांव महक उठता है। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी गांवों में पुरुष इसे बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

### पिज्जा से तुलना क्यों?

रामरोटा की तुलना पिज्जा से इसलिए की जाती है, क्योंकि इसका क्रिस्पी बेस और मसालेदार टॉपिंग्स पिज्जा की तरह ही है। लेकिन, रामरोटा पिज्जा से कहीं ज्यादा किफायती और पौष्टिक है। जहां पिज्जा में चीज और विदेशी सामग्री का इस्तेमाल होता है, वहीं रामरोटा पूरी तरह स्थानीय और देसी सामग्री से बनता है। सोशल मीडिया पर लोग इसे 'देसी पिज्जा' कहकर ट्रेंड कर रहे हैं।

रायपुर
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 24, अंक : 16
पृष्ठ : 14+4+4= 22 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 32.8
न्यून. 24.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

■ अमेरिका के भारतीय रिटेल स्टोर में प्रतिवर्ष पहुंच रही सैकड़ों की संख्या में प्रतिमाएं



*लालबागचा राजा की तर्ज पर होती है 'वॉशिंगटनचा' राजा की स्थापना*

# अमेरिका में भी रहेगी गणेशोत्सव की धूम, इस बार भी गुजरात से जा रही 'वॉशिंगटनचा राजा' की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सावन मास के बाद भक्तजनों को जिस उत्सव का सर्वाधिक इंतजार होता है, वह गणेशोत्सव है। भारत में भले ही श्रावण मास के बाद गणेशोत्सव की तैयारियां जोर पकड़ती हैं, लेकिन अमेरिका में श्रावण मास से ही इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध गणेश पंडाल लालबागचा राजा की तर्ज पर अमेरिका में वॉशिंगटनचा राजा की स्थापना की जाती है। कई वर्षों से सिलसिला जारी है। दरअसल, अमेरिका में गणेश स्थापना के लिए प्रतिमाएं भारत से आयात होती हैं। इसलिए माहभर पूर्व ही प्रतिमाओं की बुकिंग सहित अन्य प्रक्रिया शुरू हो जाती है, ताकि ऐन वक्त पर भक्तों को निराशा ना हो या उन्हें परेशानी का सामना ना करना पड़े। भारत से अधिकतर गणेश प्रतिमाएं गुजरात से अमेरिका जाती है। गुजरात के मूर्तिकारों को कई माह पूर्व ही प्रतिमाओं के ऑर्डर अमेरिका से मिल जाते हैं। ऑर्डर के अनुसार विशेष स्वरूप में प्रतिमाएं तैयार कर प्रेषित की जाती हैं।


फाइल फोटो

### भारतीय रिटेल स्टोर में उपलब्ध

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार 2023 अंत तक अमेरिका में निवासरत भारतीयों की संख्या 52 लाख थी। चूंकि अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय निवासरत हैं, इसलिए वहां कई इंडियन रिटेल स्टोर भी खुले हुए हैं। इनमें पटेल मार्केट, अपना बाजार जैसे कई ब्रांच और उनके चैन शामिल हैं। इन इंडियल रिटेल स्टोर्स में भारत से अमेरिका पहुंचने वाली गणेश प्रतिमाओं को रखा जाता है। भारत की तरह अमेरिका में पृथक रूप से बाजार सजा पाना संभव नहीं होता है, ऐसे में रिटेल स्टोर के भीतर ही विशेष सज्जा के साथ मूर्तियां प्रदर्शित की जाती हैं।

### भव्य प्रतिमाएं केवल 2-3 स्थानों पर

छत्तीसगढ़ से अमेरिका जा बसे भारतीयों के समूह नाचा अर्थात नार्थ अमेरिका छग एसोसिएशन के गणेश कर ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा, अमेरिका में प्रतिमा विसर्जन के लिए पृथक रूप से कुंड अथवा इस तरह की अन्य व्यवस्थाएं शासन की ओर से नहीं की जाती है, ऐसे में ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

17 महीने तक 128 शासकीय कर्मचारियों ने लिया महतारी वंदन का पैसा

# 21 लाख की होगी वसूली चार लाख रुपए की 'बोहनी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ थोक में शासकीय कर्मचारियों ने भी उठाया है, इसकी खबर हरिभूमि ने आकड़ों के साथ प्रकाशित की थी, जिसका असर अब देखने को भी मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग अब इस योजना के तहत एक हजार रुपए लेने वाले कर्मचारियों से राशि वसूल करना शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत विभिन्न विभागों में पदस्थ कई महिला कर्मचारी, कई पुरूषों की पत्नी एवं बेटियां भी शामिल हैं। इसके अलावा रिटायर हो चुके कई पेंशनधारी भी हैं जो इस योजना का लाभ ले रहे थे। बताया गया है कि ये सभी शासकीय कर्मचारियों के बैंक खातों में एक वर्ष पांच महीनों तक लगातार योजना के तहत एक हजार रुपए ट्रांसफर हुआ है। विभाग ने अब इन सभी कर्मचारियों की सूची बनाई है, जिसके आधार पर योजना की राशि वापस उनसे वसूल की जा रही है। इनसे 21 लाख की वसूली होगी, बोहनी चार लाख रुपए से हो चुकी है।

■ रिटायर हो चुके पेंशनधारी भी जो इस योजना का उठा रहे लाभ

खबर का असर

*हरिभूमि ने सबसे पहले प्रकाशित की थी खबर*


राज्य के बाहर रहने वाली महिलाएं भी योजना का उठा रही फायदा
महतारी वंदन योजना का शासकीय कर्मचारी थोक में उठा रहे लाभ, इनमें पत्नी-बेटी भी

### मृत हितग्राहियों के खातों में भी ट्रांसफर हो रही थी राशि, रोकी गई

योजना का लाभ लेने वाली कई हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनकी मृत्यु की जानकारी हितग्राही के परिजनों द्वारा विभाग में नहीं दी गई, जिसके कारण योजना की राशि मृत हितग्राही के खाते में हर महीने ट्रांसफर होती रही। भौतिक सत्यापन में इसकी जानकारी मिलने पर विभाग ने इनकी राशि पर भी रोक दी है। रायपुर जिले में ऐसी हितग्राहियों की संख्या लगभग दो हजार थी।

### 128 में 42 महिला कर्मचारी

आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 128 कर्मचारियों ने 17 महीनों तक इस योजना का लाभ उठाया है। इन कर्मचारियों में 42 शासकीय महिला कर्मचारी हैं जो विभिन्न विभागों में पदस्थ हैं। इन महिलाओं ने योजना का लाभ लेने आवेदन फार्म में गलत जानकारी भरी थी। इसके अलावा 78 महिलाएं ऐसी हैं जिनके पति शासकीय सेवा में पदस्थ हैं, वहीं 6 कर्मचारी अपनी 6 बेटियों को योजना का लाभ दिला रहे थे। 2 पेंशनधारी महिलाएं भी हैं जो इसका लाभ ले रही थीं। इस तरह 128 कर्मचारी लगभग 17 महीनों तक इस योजना का लाभ लिए है।

**राज्य में यह आकड़ा कई गुना ज्यादा :** गलत जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठाने वाले शासकीय कर्मचारियों का यह आंकड़ा राज्य में जिले की तुलना में कई गुना ज्यादा है। सूत्रों के अनुसार हरिभूमि की खबर के बाद प्रदेशभर में इस योजना का लाभ लेने वाली शासकीय कर्मचारियों की सूची बनाई गई है, जिसके आधार पर उनसे जिला स्तर पर योजना की राशि वसूल की जा रही है।

**बिना जांच-पड़ताल के दे दी गई स्वीकृति :** इस योजना के तहत पात्र हितग्राही के चयन के लिए नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के तहत ही पात्र हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति देकर उन्हें योजना का लाभ दिया जाना था, लेकिन विभाग की बड़ी चूक के कारण शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवार की महिला सदस्यों को भी इस योजना में शामिल कर उन्हें कई महीनों तक लाभ दिया गया है।

---

भारत समेत कई देशों में आज से लागू होगा नया टैरिफ

# ट्रंप के टैरिफ बम पर सियासी बवाल सरकार ने कहा-उठाएंगे जरूरी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*ट्रंप के टैरिफ बम से सियासी बवाल थम नहीं रहा है। गुरुवार को इस मुद्दे पर लोकसभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भारत का रुख साफ किया। इधर, टैरिफ बम का बाजार पर भी असर हुआ है। सुबह सेंसेक्स में तगड़ी गिरावट देखी गई, हालांकि बाद में बाजार थोड़ा संभला नजर आया।*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुक्रवार 1 अगस्त से द्विपक्षीय व्यापार पर लागू होने वाली 25 फीसदी टैरिफ और रूस से जारी कच्चे तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद देश में सड़क से लेकर संसद तक बवाल मचा हुआ है। ट्रंप का भ्रमित करने वाला वाकयुद्ध भी जारी है। जिसमें अब वो एक तरफ कह रहे हैं कि 'उन्हें भारत-रूस के बीच रिश्ते से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

दोनों चाहें तो अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक साथ डूब सकते हैं। जबकि दूसरी तरफ उन्होंने भारत से बातचीत करने की बात कहते हुए कहा कि देखते हैं क्या होता है'? इन सबके बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को मामले पर भारत का रुख साफ किया। उन्होंने लोकसभा में बयान देते हुए कहा कि 'भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तमाम जरूरी कदम उठाएगा'। सरकार हालिया घटनाक्रम से होने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों से बातचीत कर इस विषय पर उनके विश्लेषण की जानकारी एकत्रित ▶▶| शेष पेज 5 पर



### शेयर बाजार में गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं, एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर और रूस से कच्चे तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में गिरावट रही।

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा जारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका ने मौजूदा वर्ष के मध्य में मार्च महीने में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की थी। दोनों के बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी में कुल चार दौर की प्रत्यक्ष बैठकें हुई हैं ताकि संदर्भ शर्तों के आधार पर समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम किया जा सके।

**इधर, अमेरिकी वित्त मंत्री बोले- व्यापार वार्ता में भारत के रवैए ट्रंप की टीम निराश:** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के साथ जारी व्यापार वार्ताओं को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और समूची व्यापार वार्ता टीम 'निराश' हुई है।

### कांग्रेस ने सरकार पर बोला तीखा हमला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने संसद में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता विफल होने, अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) और मोदी सरकार की नीति विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि मंत्री ने केवल आत्मप्रशंसा की और वास्तविक मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

### 'डेड इकॉनोमी' का समर्थन राहुल को पड़ा उलटा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनोमी' कहने वाली टिप्पणी का समर्थन करना उलटा पड़ गया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने न केवल राहुल के बयान से किनारा किया बल्कि सफाई में कई वरिष्ठ नेता आगे आए। उनका मतलब ये नहीं, वो नहीं था..सफाई का कोई मतलब नहीं था। तीर निकल चुका था जिसे भाजपा ने लपक लिया। राजनीतिक विवाद का विषय बन गया है। भाजपा ने इसे तुरंत "राष्ट्रविरोधी मानसिकता" करार दिया। राहुल गांधी पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बदनाम करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप ने ▶▶| शेष पेज 5 पर

---

## गावस्कर से आगे निकले गिल तोड़ा 47 साल पुराना रिकॉर्ड




**लंदन।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में पहले दिन लंच तक 15 रन की पारी के दौरान इतिहास रचने का काम किया। गिल न सिर्फ एक टेस्ट सीरीज में बतौर सबसे ▶▶| शेष पेज 5 पर

### नंबर वन पर शुभमन

गिल अब एक टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। सुनील गावस्कर इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर खिसक गए जबकि इस लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर विराट कोहली मौजूद हैं।

## सिख गुरु का गौरवगान...



**रायपुर।** गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्ष पर देशभर में आयोजन हो रहे हैं। इसी के तहत सिख गुरु हरगोविंद सिंग साहेब की 450 साल पुरानी 13 पवित्र निशानियां कृपाण, कटार, ढाल, ग्रंथों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। तेलीबांधा स्थित बाबा बुड्ढा सिंग गुरुद्वारे में प्रदर्शनी एवं संगत में समाजजनों को पवित्र निशानियों का गौरवगान सुनाया गया।

करंट लगाकर पति की हत्या

## दूसरी महिला के पास जाने से रोकने के लिए बांधे हाथ-पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर/अंबिकापुर

पति को करंट लगाकर मौत के घाट उतारने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में भर्ती आरोपी महिला को पुलिस ने डिस्चार्ज कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बड़ी बात यह है कि विवाद के दौरान मृतक ने खुद ही गुस्से में अपने हाथ पैर बांधकर घर में बंद करने की सलाह पत्नी को दी थी जिसके बाद महिला ने पति को बांधकर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पति ने स्वयं हाथ-पैर बांधने के लिए दिए

विवाद के दौरान पार्वती गुप्ता ने मनोज से कहा कि अब वह उसे दूसरी महिला के पास नहीं जाने देगी और हाथ पैर बांधकर अपने पास रखेगी। इस दौरान मनोज ने भी स्वयं अपने हाथ पैर बांधने के लिए दे दिया। पति के हाथ पैर बांधने के बाद महिला ने घर में ▶▶| शेष पेज 5 पर

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में छह बड़े ऐलान

## छह राज्यों में चार रेलवे लाइन के लिए 11 हजार करोड़ मंजूर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को देश के विकास से जुड़े छह अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सहकारी समितियों के लिए बड़ी फंडिंग से लेकर कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और रेलवे नेटवर्क के विस्तार तक कई बड़े फैसले शामिल हैं। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 11,169 करोड़ रुपए की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने इन परियोजनाओं के जरिये रेल नेटवर्क के विस्तार के बारे में बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों को कवर करने वाली ये चार परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 574 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, नई परियोजनाओं में इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन का निर्माण, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### रेलवे में 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं

- इटारसी-नागपुर (चौथी लाइन)
- औरंगाबाद-परभणी (दोहरीकरण)
- अलुआबाड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी (तीसरी और चौथी लाइन)
- डांगोपोसी-जारोली (तीसरी और चौथी लाइन)

### इन योजनाओं पर भी लगी मुहर

- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता
- पीएम किसान संपदा योजना के लिए 6,520 करोड़ रुपए की मंजूरी
- पीएम -गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत संपर्क और लॉजिस्टिक में सुधार
- महिला और श्रमिक-नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को मिलेगा बढ़ावा
- 100 फूड टेस्टिंग लैब्स से देश में सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित होगी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## मां और बेटी ने एक साथ पास की नीट की परीक्षा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 49 वर्षीय एक फिजियोथेरेपिस्ट महिला और उसकी बेटी ने मजबूत इरादों से अपने सपनों को पूरा करने की एक अद्भुत मिसाल कायम की है। दोनों ने अपनी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पास कर ली। नीट की परीक्षा पास करने के बाद महिला को अपने गृह जिले के नज़दीकी सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट मिल गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जताया अनुमान

# अगस्त-सितंबर में आसमान से जमकर बरसेगा पानी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में मानसून ऋतु के दूसरे चरण अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक ऑनलाइन प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के आसपास के इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अगस्त में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सितंबर में बारिश सामान्य से अधिक होने का अनुमान है।

देश में मानसून के पहले चरण यानी जून और जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा हुई तथा विशेषकर हिमाचल प्रदेश समेत कुछ राज्यों में अचानक बाढ़ आई।

### कृषि की रीढ़ है मानसून

भारत में मानसून कृषि क्षेत्र की रीढ़ है, जो लगभग 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 प्रतिशत का योगदान करता है। इसके अलावा, यह पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों को भरने में भी अहम भूमिका निभाता है।



**पूर्वोत्तर में सामान्य से कम वर्षा :** महापात्र ने कहा, पूर्वोत्तर भारत में लगातार पांचवें साल सामान्य से कम वर्षा हुई है। पिछले 30 वर्षों में इन राज्यों में वर्षा की गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई है। मई में आईएमडी ने अनुमान जताया था कि जून से सितंबर के दौरान भारत में दीर्घकालिक औसत 87 सेंटीमीटर वर्षा के 106 प्रतिशत के बराबर वर्षा हो सकती है। यह औसत पिछले 50 वर्षों पर आधारित है। 96 से 104 प्रतिशत के बीच की बारिश को सामान्य माना जाता है।

### इधर, 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट

भारत के कई राज्यों में मूसलधार बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। मौसम विभाग ने राजस्थान, असम और मेघालय में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में तेज़ बारिश और जलभराव की संभावना है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात सहित 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कई इलाकों में आंधी और बिजली गिरने की भी आशंका है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई हिमाचल प्रदेश में शिमला के आसपास मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह बादल छाए रहेंगे, लेकिन दोपहर से बारिश शुरू होने की संभावना है जो शाम तक जारी रह सकती है। बारिश के चलते मौसम नमी भरा और थोड़ा ठंडा महसूस हो सकता है। शाम के समय बादल छंटने की उम्मीद है।

## चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (7) में उनके नाम के सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग करनें के लिए प्राधिकृत करता है।

-:: अनुसूची ::-

| भूमि का वर्णन | | | | | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ नगर | खसरा नंबर | रकबा (व.मी.) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| रायपुर | रायपुर | कचना प.ह.नं. 43 | 666/2 666/3 | 747.50 व.मी. 471.80 व.मी. | कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर (छ.ग.) | शंकरनगर-खम्हारडीह - कचना मार्ग के चौड़ीकरण हेतु। |
| योग | | | 02 | 1219.30 व.मी. | | |

2/ उपरोक्त अधिसूचना के प्रकाशन तिथी के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता के बारे में हितबद्ध पक्षकार अपना दावा आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा ।

3/ भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(डॉ. गौरव कुमार सिंह)
कलेक्टर, रायपुर एवं पदेन उप सचिव,
छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-252602504/1

# बस्तर ओलंपिक को मिला 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' का दर्जा, रायपुर-बिलासपुर में खुलेंगे मेडिकल-नर्सिंग कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को खेल और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाई देने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान बस्तर ओलंपिक को इस वर्ष से "खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स" के रूप में आयोजित करने की सहमति दी गई। यह कदम न केवल जनजातीय युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल संस्कृति को भी वैश्विक मंच पर ले जाएगा।



### मुख्यमंत्री साय की केंद्रीय मंत्री मांडविया से मुलाकात

***लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान का क्षेत्रीय केंद्र छत्तीसगढ़ में स्थापित करने का भी आश्वासन***

*मुख्यमंत्री ने रायपुर और बिलासपुर में 220-बेड के मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज खोलने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे राज्य को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर जल्द फ़ैसला लेते हुए अनुमति दिए जाने की कार्रवाई करेगी। साथ ही लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान का क्षेत्रीय केंद्र छत्तीसगढ़ में स्थापित करने और राज्य में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए नए स्टेडियम व ट्रेनिंग केंद्रों की मांग पर केन्द्रीय मंत्री ने इसकी स्वीकृति दिए जाने का भरोसा दिया।*

## संभागायुक्त ने तिल्दा नेवरा विखं में किया औचक निरीक्षण

# 16 कर्मचारी ड्यूटी समय पर अनुपस्थित मिले कारण बताओ नोटिस, राजस्व निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभागायुक्त रायपुर महादेव कावरे ने वार्षिक निरीक्षण रोस्टर 2024-25 के अंतर्गत गुरुवार को तिल्दा नेवरा विकासखण्ड के विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व, पंचायत, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया। इस निरीक्षण में 16 कर्मचारी ड्यूटी समय पर अनुपस्थित मिले। संभाग आयुक्त ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**11 जनपद एवं 5 मनरेगा के कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले**

संभाग आयुक्त के निरीक्षण के दौरान 11 जनपद और 5 मनरेगा के कर्मचारी ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाए गए। इन कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने पर संभागाध्यक्ष ने सभी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं की रोकड़ पंजी अद्यतन नहीं होने, बैंक समाधान विवरण की अनुपलब्धता और योजना अनुसार अलग-अलग पंजी न बनाए जाने पर सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक योजना की पृथक रोकड़ पंजी तैयार करने के भी निर्देश दिए।



### शासकीय स्कूलों का भी किया निरीक्षण

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बंगोली का निरीक्षण करते हुए संभागायुक्त ने कक्षाओं में जाकर विषय संबंधित और सामान्य ज्ञान के प्रश्न छात्रों से पूछे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन किया जा सके। स्कूल में शिक्षक एवं कर्मचारी समय पर उपस्थित और अध्यापन कार्य सक्रिय रूप से संचालित पाया गया।

### स्वीकृत कई कार्य अधूरे शीघ्र पूर्ण करने कहा

महादेव कावरे के निरीक्षण में यह भी सामने आया कि स्वीकृत कई कार्य समय पर पूर्ण नहीं हुए हैं, वे अधूरे है। इसे देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इस दौरान कार्यालयों में कर्मचारियों की नेम प्लेट का अभाव पाया है।

### राजस्व विभाग में भी मिली कई कमियां

राजस्व विभाग के निरीक्षण में भी न्यायालय पंजी अद्यतन नहीं पाया गया। संभागायुक्त ने एसडीएम आशुतोष देवांगन को त्वरित अद्यतन कराने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के निरीक्षण में सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक, आदि अद्यतन नहीं पाए गए। कानूनगो मिथलेश यादव को कारण बताओ नोटिस और राजस्व निरीक्षक ओ.पी. सिन्हा को कर्तव्य में लापरवाही के चलते निलंबित किया गया।

# फिर श्मशान बना एनएच, सरगांव के पास ट्रक ने 19 मवेशियों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एक बार फिर नेशनल हाइवे मवेशियों का श्मशान बना, सरगांव के पास भारी वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते सड़क पर झुंड बनाकर बैठे मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 16 मवेशियों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए हैं। आलम यह है कि एक पखवाड़े के भीतर नेशनल हाइवे में 53 मवेशियों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

सरगांव थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया, बुधवार को देर रात रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे सरगांव किरना के पास मवेशी झुंड बनाकर सड़क पर बैठे थे। इसी दौरान अज्ञात भारी वाहन के ड्राइवर ने मवेशियों को कुचल दिया और भाग निकला। हादसे में 12 मवेशी व 4 बछड़ों की मौके पर ही मौत हो गई और 4 घायल हो गए हैं। गुरूवार की सुबह गांव वाले उस ओर गए तो हादसे की जानकारी मिली, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।



### चक्काजाम के बाद एफआईआर दर्ज

मवेशियों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आंदोलनकारी वाहन चालक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे थे। आनन फानन में कोटवार किरना निवासी नारायण दास की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 291, 325 के तहत जुर्म दर्ज किया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो पाया है। नेशनल हाइवे पर मवेशियों की मौत की खबर मिलते ही मुंगेली जिला के कलेक्टर, एसपी ने मौके में जाकर अधिकारियों से हादसे की जानकारी ली। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को वाहन चालक के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

## हाईकोर्ट सख्त, कहा- अब हम एक्शन लेंगे

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सड़कों में लगातार मवेशियों की मौत और बढ़ रहे हादसों को लेकर सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट ने सख्ती से इस मामले पर संबंधित विभागों को निर्देश भी दिए हैं। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में डिवीजन बैंच ने सख्ती से इस मामले में कदम उठाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान दामाखेड़ा के पास हुए हादसे में 9 गायों को मौत का मामला भी प्रकाश में लाया गया। वहीं 14 जुलाई 2025 की रात बारीडीह गांव के पास सड़क पर मवेशियों का एक झुंड को रात लगभग 1 बजे एक अज्ञात वाहन के द्वारा तेजी एवं लापरवाही से चलाए जाने के कारण 14 से 17 गायों की मौत की घटना में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के मामले सहित अन्य घटनाओं के मामले में आदेश के अनुपालन के बारे में पूछा। इसपर महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने 4 गौ मालिकों पर एफआईआर किए जाने की जानकारी दी। राज्य सरकार की तरफ जिला स्तर पर 40 लाख स्वीकृत कर शेड बनाए जाने और 9 नई जगह चिन्हांकित किए जाने की जानकारी दी। हाइवे में बैठे मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाई जा रही है।

## जशपुर में भूकंप के झटके, दरवाजे- खिड़की हिले

**जशपुरनगर।** जिले में गुरुवार की सुबह करीब 7 बजकर 31 मिनट पर हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अचानक धरती हिलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। 4 से 5 सेकंड तक घरों में रखे बर्तन खनकते रहे और दरवाजे-खिड़कियां हिलने लगे। झटकों के महसूस होते ही लोग तुरंत घरों से बाहर निकल आए और खुले स्थानों पर जमा हो गए। लोगों का कहना है कि इस दौरान पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया था। कई लोग एहतियात के तौर पर देर तक घरों के बाहर खड़े रहे। प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय लोग सतर्क हैं और प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता और केंद्र बिंदु की जानकारी के लिए टीम जुटी हुई है। ग्रामीणों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थान पर बने रहने की अपील की गई है।

## बाइक खंभे से टकराई, दो युवकों की मौत



**राजनांदगांव।** अपने दोस्त से मिलकर महाराष्ट्र से लौट रहे दो बाइक सवार बिजली खंभे से जा टकराए। इस घटना में दोनों युवकों की मौत होने की खबर है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकेश 28 वर्ष एवं सुजीतराम 20 वर्ष दोनों महाराजपुर स्थित राइस मिल में काम करते थे। बताया गया कि दोनों अपने दोस्त से मिलने के लिए महाराष्ट्र के ग्राम काकोडी गए हुए थे, जब वे महाराष्ट्र से वापस बाइक में सवार होकर लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग साढे 3 बजे वे ग्राम कल्लूबंजारी से दामाबंजारी के बीच पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली खंभे से जा टकराई। बताया गया कि इस घटना में बाइक में सवार दोनों युवकों के सिर बिजली खंभे से जा टकराई थी। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

शाश्वत हॉस्पिटल
Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
चश्में से आजादी
मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा।
मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)।
अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर।
अभ्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्में की जांच।
टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
उपलब्ध सुविधाएं
• जनरल मेडिसीन • छाती रोग • हृदय रोग • सांस एवं फेफड़ा रोग • दंत रोग • डायबिटीज • त्वचा रोग • प्रसूति एवं स्त्री रोग • बच्चों के रोग • जोड़ एवं हड्डी रोग • आंख, कान, गला रोग • जनरल सर्जरी • ऑन्कोलॉजी विभाग • यूरोलॉजी • फिजियोथेरेपी • सोनोग्राफी • डिजिटल एक्स-रे • सीटी स्कैन • क्रिटिकल केयर यूनिट • आईसीयू • ट्रॉमा केयर
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) 8962566221, 07714916125, 7223065604

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# ट्रंप टैरिफ से संकट में भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जा सकती है लाखों नौकरियां!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

■ हैंडमेड ज्वेलरी का निर्यात इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित होगा

देश की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जो हर साल अरबों डॉलर का एक्सपोर्ट करती है और लाखों लोगों को रोजगार देती है, अब गहरे संकट में है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि खासतौर पर हैंडमेड ज्वेलरी का निर्यात इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित होगा। उनका कहना है कि पहले जब 10 प्रतिशत टैरिफ लगा था, तब ही करीब 50,000 लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ गई थीं। अब जब यह टैरिफ 25 प्रतिशत तक पहुंच गया है, तो एक लाख से अधिक रोजगार पर सीधा असर पड़ सकता है।

## जब 10 फीसदी टैरिफ लगा तो 50 हजार की नौकरियां खतरे में पड़ी थी

### अमेरिका को 9.9 अरब डॉलर का ज्वेलरी निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को लगभग 9.9 अरब डॉलर मूल्य के रत्न और आभूषण निर्यात किए थे। अमेरिका इस सेक्टर के लिए सबसे बड़ा बाजार है। लेकिन अब 1 अगस्त से लागू होने जा रहे नए टैरिफ के बाद भारत की हैंडमेड और एक्सक्लूसिव डिज़ाइन वाली ज्वेलरी अमेरिका में महंगी हो जाएगी, जिससे ऑर्डर घटने की आशंका है। रोकड़े ने कहा कि अमेरिका में अब इन उत्पादों की बिक्री और स्वीकार्यता दोनों पर असर पड़ सकता है।



### ज्वेलरी सेक्टर पूरी तरह निर्यात पर निर्भर

रोकड़े ने यह भी कहा कि भारत ने पहले यूरोपीय संघ और मध्य-पूर्व जैसे बाजारों को विकल्प के रूप में खोजा था, लेकिन अमेरिका जैसा बड़ा बाजार खोना उद्योग के लिए घाटे का सौदा होगा। कामा ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर कॉलिन शाह ने कहा कि जेम्स और ज्वेलरी ऐसा सेक्टर है जो पूरी तरह निर्यात पर निर्भर है। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ नीति का असर पूरे उद्योग पर पड़ना तय है। उन्होंने कहा कि पहले ही रूस-यूक्रेन और मिडल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने हालात मुश्किल कर रखे हैं। अब अमेरिका से आ रही अनिश्चितता उद्योग को और पीछे धकेल सकती है।

### द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से अभी उम्मीद

उद्योग को अगस्त के अंत में होने वाली भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से उम्मीद है। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह टैरिफ अस्थायी हो सकता है और व्यापारिक समझौते के बाद इसे घटाया जा सकता है। लेकिन तब तक भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री को सतर्कता से कदम उठाने होंगे।

## खबर संक्षेप

### वेदांता का जून तिमाही लाभ 13 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत 'समायोजित' शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 5,000 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही में राजस्व बढ़ने से लाभ में वृद्धि हुई है। वेदांता ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय नतीजे की सूचना दी।

### डीसीबी बैंक के लाभ में 20 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** डीसीबी बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 19.8 प्रतिशत बढ़कर 157 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 131 करोड़ रुपये रहा था। डीसीबी बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 2,050 करोड़ रुपये हो गई।

### सनफार्मा के मुनाफे में 20 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 20 प्रतिशत घटकर 2,279 करोड़ रुपये रहा है। प्रमुख दवा कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,836 करोड़ रुपये रहा था।

### दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी जानकारी

# स्टारलिंक को उपग्रह इंटरनेट सेवा का लाइसेंस जारी, स्पेक्ट्रम आवंटन मानक भी तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है और इसके साथ ही स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए एक नीतिगत ढांचे को भी अंतिम रूप दे दिया गया है।

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश में पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की गई। सिंधिया ने कहा, ''स्टारलिंक को भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस दिया गया है। स्पेक्ट्रम आवंटन और गेटवे निर्माण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है ताकि सेवा शुरू करने में कोई बाधा न हो।'' गेटवे संरचना उपग्रह से डेटा को भारत में लाने और भारत के इंटरनेट ढांचे से जोड़ने के लिए जरूरी होगी।

- स्पेक्ट्रम आवंटन के नीतिगत ढांचे को अंतिम रूप
- पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूर्ण होने पर घोषणा
- उपग्रह से डेटा भारत लाने और इंटरनेट ढांचे से जोड़ना जरूरी होगा




### भारत दुनिया का दूसरा बड़ा दूरसंचार बाजार

दूरसंचार उद्योग संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस पी कोचर ने इस अवसर पर कहा, ''भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है। आज एक औसत भारतीय उपभोक्ता प्रतिमाह 21 जीबी से अधिक डेटा का उपयोग करता है।''

### बीएसएनएल के 83,000 से अधिक 4 जी नेटवर्क स्थापित

सिंधिया ने कहा, ''18 वर्षों में पहली बार बीएसएनएल ने लगातार दो वर्षों तक शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इसने 83,000 से अधिक 4जी नेटवर्क स्थल स्थापित किए हैं, जिनमें से 74,000 पहले ही चालू हो चुके हैं।''

*देश के 99.6 फीसदी जिलों तक 5जी नेटवर्क कवरेज : दूरसंचार मंत्री ने कहा कि देश के 99.6 प्रतिशत जिलों तक 5जी नेटवर्क कवरेज हो चुका है और 4.74 लाख 5जी टावरों के माध्यम से 30 करोड़ उपभोक्ता इसका लाभ ले रहे हैं। प्रति व्यक्ति मासिक 5जी डेटा खपत 32 जीबी है जो दुनिया में सबसे अधिक है।*

# आयकर विभाग का जेन स्ट्रीट के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान

एजेंसी ⏭ मुंबई




- अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनी है
- कुछ ब्रोकिंग कंपनियों के परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया

आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को बाजार में हेरफेर की आरोपी अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत कुछ ब्रोकिंग कंपनियों के परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विभाग जेन स्ट्रीट के खिलाफ हाल ही में सेबी की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में 'सत्यापन' अभियान चला रहा है। अधिकारी कार्यालय परिसर में सर्वेक्षण के तहत अमेरिकी कंपनी के खाता बही और कंप्यूटर रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।

बीएसई ने कहा कि उसने इस मामले में कर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट के संबंध में जेन स्ट्रीट के घरेलू व्यापारिक साझेदार बताए जा रहे नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड से स्पष्टीकरण मांगा है। पीटीआई-भाषा द्वारा जेन स्ट्रीट को भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। तीन जुलाई को जारी एक अंतरिम आदेश में, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने जेन स्ट्रीट (जेएस) को भारी लाभ हासिल करने के लिए वायदा और विकल्प बाजारों के साथ-साथ नकदी में भी दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया था। सेबी ने 'हेज फंड' को बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ जब्त कर लिया।

# देश का चीनी उत्पादन 18 फीसदी बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ वर्ष 2025-26 में बढ़कर 3.49 करोड़ टन रहने की उम्मीद : इस्मा

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अक्टूबर से शुरू होने वाले वर्ष 2025-26 सत्र में भारत का चीनी उत्पादन 18 प्रतिशत बढ़कर 3.49 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जिसमें 20 लाख टन निर्यात की गुंजाइश है। चालू वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन 2.61 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

इस्मा के अध्यक्ष गौतम गोयल ने पहला प्रारंभिक अनुमान जारी करते हुए कहा, ''चीनी उत्पादन 3.49 करोड़ टन होने का अनुमान है, जिसमें और वृद्धि की संभावना है और वर्ष 2025-26 के सत्र में 20 लाख टन निर्यात की गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि अगले सत्र में लगभग 50 लाख टन चीनी का उपयोग एथनॉल उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जबकि चालू सत्र में यह 35 लाख टन है। सरकार ने चालू सत्र में 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। गोयल ने कहा कि उद्योग निकाय 20 लाख टन चीनी निर्यात, एथनॉल के लिए अधिक स्थानांतरण, चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य में वृद्धि के साथ-साथ बी शीरा और गन्ने के रस से बने एथनॉल की कीमतों में वृद्धि के लिए 'समय पर' अनुमति मांगेगा।

### गन्ने का उत्पादन बढ़ने का अनुमान

इस्मा ने शीर्ष उत्पादक राज्यों में अधिक चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। 2025-26 के सत्र में उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 2.5 लाख टन, महाराष्ट्र में एक करोड़ 32.6 लाख टन और कर्नाटक में 66.1 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान है। बेहतर पैदावार और अच्छे मानसून की वजह से खेती के बढ़े हुए रकबे के कारण गन्ने का उत्पादन 93.3 लाख टन से बढ़कर एक करोड़ 32.6 लाख टन होने का अनुमान है।

# सेल क्षमता बढ़ाने करेगी 7,500 करोड़ रुपए खर्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अपने संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में 7,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करने की योजना बना रही है। यह पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल विस्तार के दौर से गुजर रही है और लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में फैले अपने पांच एकीकृत संयंत्रों (आईएसपी) की संयुक्त दो करोड़ टन क्षमता को बढ़ाकर 2030 तक 3.5 करोड़ टन करने के लिए काम कर रही है।

### भिलाई संयंत्र के विस्तार पर काम जारी

छत्तीसगढ़ में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), झारखंड में बोकारो इस्पात संयंत्र और ओडिशा में राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के विस्तार की योजनाओं पर इसके अनुसार काम किया जा रहा है।

### *बंगाल संयंत्र की क्षमता बढ़ाकर 45 लाख टन होगी*

*विस्तार योजना का विवरण साझा करते हुए, पांडा ने बताया कि इस्को इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल) में निविदा प्रक्रिया चल रही है, जहां 45 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता का विस्तार करने की योजना है। इस संयंत्र की वर्तमान क्षमता 25 लाख टन है।*

### *सेल 1,642 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी*

*कंपनी के निदेशक मंडल ने पूंजीगत व्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है और सेल को भरोसा है कि वह इसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लेगी। उन्होंने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में सेल पहले ही 1,642 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है, जो पहली तिमाही के लिए निर्धारित लक्ष्य से कहीं ज़्यादा है।*

### दुर्गापुर की सालाना क्षमता बढ़ाने पर काम

दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में, उत्पादन को वर्तमान के 22 लाख टन सालाना से बढ़ाकर 30.9 लाख टन करने के लिए एक पुरानी विस्तार योजना पर काम चल रहा है, साथ ही एक नई योजना का विस्तार भी चल रहा है। अन्य संयंत्रों के लिए, विस्तार योजनाओं पर विचार किया जा रहा है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

**कुक**

आवश्यकता है- अनुभवी बंगाली भोजन बनाने वाली महिला कुक (वेज /नानवेज)सुबह/शाम के लिए (प्रगतिनगर, इस्पातनगर एवं रुवाबांधा को प्राथमिकता एवं अनुभवी ड्राइवर भी चाहिए :- A-26 आंकाक्षाकुंज रिसाली भिलाई - 93290-11025. (आरो न.-790)

आवश्यकता है- एक घरेलू महिला खाना बनाने वाली कुक रायपुर में दो डॉक्टर महिला का खाना बनाना रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध संपर्क:- 7389824270 (सड्डू- रायपुर) 9300234270.(RO-201)

**फिल्म कलाकार**

आवश्यकता है- प्रोडक्शन के साथ जुड़कर एक्टिंग के काम करने वालों एक्टर, एक्टरेस, सींगर, राइटर की आवश्यकता है। उम्र 30 साल के अन्दर मों.- 9179857166.(RO-6758)

**वेल्डर/हेल्पर**

आवश्यकता है- इंजीनियरिंग वर्क शॉप में कार्य हेतु वेल्डर और हेल्पर की आवश्यकता है. रायपुर में ही. 9827966095. (RO-6759)

हरिभूमि

**सेल्स/मार्केटिंग कार्य**

Wanted- Required urgently. Sales representatives, with or without experience for a leading automobiles spares company branch situated at Raipur. Result oriented candidates looking for a longderm career who are ready to travel extensively preferred. mail id: mithunlsp@gmail.com call: 7411659721.(RO-6756)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। केवल भिलाई वाले ही संपर्क करें :-98274-66771. (आरो न.-792)

**सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- कंपनी के मोटर पार्ट्स के विक्रय हेतु सेल्स पर्सन की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 योग्यतानुसार। आगम एंटरप्राइजेज, वाणिज्य भवन के पास, देवेंद्र नगर चौक, जेल रोड, रायपुर 9827900773.(RO-404)

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री काउंटर में खाना देने, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहना, खाना की सुविधा फ्री पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-38336)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सीसीटीवी फिटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है फ्रेशर भी चलेगा ख़ुद का गाड़ी होना अनिवार्य है सैलेरी 6000/-से 15000/-तक योग्यता के अनुसार लक्ष्मी सिक्योरिटी सिस्टम रायपुर के 9329294567-9165222223.(RO-192)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी शो-रूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ड्राइवर (लोकल निवासी) आदि की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकाली पारा रायपुर- 9340477419, 9425522577.(RO-7382)

**होलसेल शॉप**

आवश्यकता है- आटो एसेसरीज होल सेल शॉप कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। श्री राम आटो एम.जी. रोड रायपुर मों.- 9300627327. (RO-6757)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे (रहना फ्री) सैलरी 10,000 +कमीशन +बोनस संपर्क करें:- 8085106943 मुंगेली नाका चौक बिलासपुर (RO-191)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थान:- म.प. उज्जैन । Co- 9630773028, 9691233111.(RO-361)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090. (RO-604)

**कुक/क्लिनिक कार्य**

आवश्यकता है- घर में खाना बनाने एवं काम करने तथा क्लिनिक में बैठने हेतु महिला/ लड़की की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क - सूरज आयुर्वेद सेवाश्रम मोहन नगर दुर्ग मो. 94252-42403 (आरो न.-789)

**ऑपरेटर/इंजीनियर**

आवश्यकता है- (1) महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग) (2) आफिस साफ सफाई चाय पानी (3) पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर (4) ऑर्थोपेडिक, TKR, THR, Joints की सर्जरी कराने (5) सामान लाने लेजाने+ आफिस जनरल काम हेतु वेतन- 13000 से 30000 पता- पिनाका मेडिकल सिस्टम, Sec-11A, कमल विहार, रायपुर 9326609234, 9300335829.(RO-38329)

**अन्य**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद- वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें- 9685327774.(RO-1075)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 940 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (24500+52500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 9915947081 (RO-1071)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification,Call/ WhatsApp करें- 07903284986. (RO-1069)

**Property प्रापर्टी**

FOR SALE- 11000 sq ft ancestral home for sale in Bemetra close to Bhadrakali Mandir. Please contact 9826115373. (RO-16718)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - माइक्रो फाइनेंस रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (2% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क:– 9311830460.(RO-204)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

**Business व्यापार**

व्यापार टॉवर- किसी टावर/ फाइनेंस कंपनी से कार्य चल रहा या किसी प्रकार धोखा हुआ, तुरंत शिकायत कर अपने कार्य की जांच करवाए सभी कंपनी के 4G/5G टावर लगवाए संपर्क:- 8901553327. (RO-202)




हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

| एजेंसी | पता | संपर्क नं. |
|---|---|---|
| अतुल पब्लिसिटी | सदर बाजार | 94062-00210 |
| ओम विज्ञापन एजेंसी | न्यू राजेन्द्र नगर | 93036-90016 |
| मितनिशा एड | रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी | 93298-46567 |
| नाईस पब्लिसिटी | शारदा चौक | 93002-19536 |
| महेश्वरी पब्लिसिटी | देवेन्द्र नगर | 0771-2234113 |
| प्रेमप्रकाश मध्यानी | श्याम नगर/कटोरा तालाब | 93294-07988 |
| माँ एड एजेंसी | पी.एस. सिटी | 93005-12211 |
| राजेश पब्लिसिटी | समता कालोनी | 99263-08899 |
| विजय घोष | पुरानी बस्ती | 98261-16051 |
| आदित्य एड एजेंसी | टिकरापारा | 93010-51757 |
| देव एड एजेंसी | जयस्तंभ चौक | 98268-77609 |
| खन्ना एड एजेंसी | स्टेशन रोड़ | 93001-60001 |
| छत्तीसगढ़ डेल्टा | सुन्दर नगर | 92294-96081 |
| सुमीत एड एजेंसी | शहीद स्मारक | 98261-61116 |
| शिवम एड एजेंसी | बुढ़ातालाब | 93291-00263 |
| ए.के. एड एजेंसी | तात्यापारा चौक | 98261-45558 |
| किशोर पब्लिसिटी | छोटापारा | 98271-62038 |
| एम्बेसी कार्पोरेट | देवेन्द्र नगर | 98267-06506 |
| शांति विजय एड | पचपेढ़ी नाका | 93001-61001 |
| ए.एस.ए. एड एजेंसी | गुरूनानक चौक | 98271-62101 |
| प्रयास एड एजेंसी | श्याम प्लाजा | 94062-36209 |

हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया।



## खबर संक्षेप



### प्रो कबड्डी लीगः 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



काकीनाडा। हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



नई दिल्ली। माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

## पांचवां टेस्ट : करुण की फिफ्टी, गिल ने बनाए कई रिकार्ड

# नायर ने मुश्किल परिस्थिति में खेली संघर्षपूर्ण पारी, टीम इंडिया 6 विकेट पर 200 के पार

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ ओवल टेस्ट के पहले दिन के खेल की समाप्ति तक भारतीय क्रिकेट टीम ने 6 विकेट खोकर 204 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा साई सुदर्शन ने 38 रन की पारी खेली। स्टम्प्स की घोषणा तक क्रीज पर इस समय नायर (52) और वाशिंगटन सुंदर (19) बने हुए हैं। बल्लेबाज करुण नायर को चौथे टेस्ट मैच में खराब फॉर्म की वजह से भारतीय प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर दिया गया था, लेकिन 5वें टेस्ट मैच में उन्हें टीम में शार्दुल ठाकुर की जगह शामिल किया गया और उन्होंने मुश्किल परिस्थिति में भारतीय टीम के लिए अहम पारी खेली और अर्धशतक लगाया। ये इस टेस्ट सीरीज में करुण नायर का पहला अर्धशतक रहा साथ ही ये टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 9 साल के बाद यानी 3174 दिन के बाद ये अर्धशतक लगाया। इससे पहले नायर ने दिसंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ ही नाबाद 303 रन की पारी खेली थी।

### सस्ते में आउट हुए राहुल-जायसवाल

पांचवें और अंतिम टेस्ट में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की खराब शुरुआत रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल 40 गेंदों का सामना करते हुए 14 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 38 रन तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए।




### शुभमन सीरीज में नहीं जीत सके एक बार भी टॉस

शुभमन गिल कप्तान के तौर पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टॉस नहीं जीत सके। अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा सिर्फ 14 बार ही हुआ है। वहीं 21वीं सदी में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में एक टीम कोई भी टॉस जीतने में कामयाब नहीं हो सकी। इससे पहले साल 2018 में टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर हुआ था, जब विराट कोहली कप्तानी संभाल रहे थे और एक भी मुकाबले में टॉस नहीं जीत पाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### एक टेस्ट सीरीज में भारत के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 3272* | भारत का इंग्लैंड दौरा | 2025* |
| 3270 | वेस्टइंडीज का भारत दौरा | 1978/79 |
| 3230 | इंग्लैंड का भारत दौरा | 2016/17 |
| 3140 | इंग्लैंड का भारत दौरा | 2024 |
| 3119 | इंग्लैंड का भारत दौरा | 1963/64 |

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारत अब टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी एक श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय टीम बन गई है।

### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

## अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

# रचना और अश्विनी बनीं विश्व चैंपियन, मोनी ने जीता रजत

भारतीय पहलवानों का शानदार प्रदर्शन, मोनी ने जीता रजत



एजेंसी ▶▶ एथेंस

पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुख्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी।

मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया। उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया। भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं, जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि बृहस्पतिवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज बुजाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

### मैं एक आक्रामक खिलाड़ी हूं : दिव्या

नागपुर। फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख ने कहा कि वह एक आक्रामक खिलाड़ी हैं और उनके लिए दबाव अधिक मायने नहीं रखता। उन्नीस वर्षीय दिव्या 28 जुलाई को जॉर्जिया के बातुमी में महिला विश्व कप जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में टाईब्रेकर में कोनेरू हम्पी को हराया। इस जीत ने ना केवल उन्हें प्रतिष्ठित खिताब दिलाया, बल्कि उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया। दिव्या ने कहा कि उनके लिए रणनीति और आक्रामक पोजिशन में जाना आसान है।

## नेपाल करेगा मेजबानी

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालिफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिड़ेंगी।

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालिफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसिफिक से ली जाएगी।

दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालिफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होंगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

## सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिपः 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

नई दिल्ली। सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी।



## मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में



मकाऊ। भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।

# लीग कप में मेस्सी का जादू, आखिरी मिनट के गोल से इंटर मियामी को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ मियामी

लियोनेल मेस्सी ने मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकरकी ओर से ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्डू की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया।

मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।



इंटर मियामी ने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हराया

### ऑस्ट्रेलिया को एशेज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज श्रृंखला पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला नवंबर में शुरू होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी।







## कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

पत्र क्र. / 2317/ राजस्व/ न.प. /2025-26 तुमगांव दिनांक 31/07/2025

// दुकान विक्रय हेतु सप्तम भावपत्र सूचना //

छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम 1996 के अनुसार नगर पंचायत तुमगांव जिला - महासमुंद के स्वंय की स्वामित्व की भूमि खसरा नम्बर 1948/02 का टुकड़ा में पीपीपी मॉडल अंतर्गत 73 श्रेणी अंतर्गत भूखण्ड में बचे 5 दुकानों का विक्रय किया जाना है जिस हेतु इच्छुक व्यक्ति रू. 100000.00 एक लाख का अमानत राशि डिमांड ड्राफट / कार्यालयीन रसीद के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि 12.08.2025 तक समय सांय 5:30 बजे तक पंजीकृत रजिस्ट्री / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव में बंद लिफाफा सहित निर्धारित प्रारूप में दुकान का दर / भावपत्र प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त भावपत्र अमान्य होगा विवरण निम्नानुसार हैः-

| दुकानों की संख्या | दुकान का साईज | शासकीय आफसेट प्राईज | आरक्षण की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| कुल 05 दुकान | 10X15 फीट प्रति दुकान | रू. 6.34 लाख प्रति दुकान | अ.जा. | 73 |
| | | | अ.पि.वर्ग. | 70 |
| | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 42 |
| | | | तृतीय लिंग | 59 |
| | | | अनारक्षित श्रेणी | 72 |

टीपः- नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि अवकाश को छोड़कर नगर पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत तुमगांव




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com